"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छ. ग./दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 8] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 24 फरवरी 2012— फाल्गुन 5, शक 1933

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती मधु शर्मा पति श्री चन्द्रशेखर शर्मा, आयु 43 वर्ष, निवासी-बनियापारा, पुरानी बस्ती, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ. ग.) की हूं. यह कि विवाह पूर्व मैं "कु. मधु तिवारी आत्मजा श्री कुंजलाल जी तिवारी" के नाम से जानी-पहचानी जाती थी, जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अंकसूची में अंकित है तथा मेरा घरेलू व राशि नाम "गरिमा तिवारी" है, मेरा विवाह मेरे राशि नाम के अनुसार दिनांक 26-1-1996 को श्री चन्द्रशेखर शर्मा वल्द श्री शारदा प्रसाद शर्मा के साथ सम्पन्न हुआ, मेरे पति भिलाई इस्पात संयंत्र में माप यंत्रण विभाग में सीनियर टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं, मेरे पति के समस्त विभागीय अभिलेखों एवं सर्विस बुक में मेरा घरेलू राशि नाम "गरिमा शर्मा" दर्ज हो गया है को सुधार कर मैं अपना सही नाम "श्रीमती मधु शर्मा पति श्री चन्द्रशेखर शर्मा" दर्ज किये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रही हूं.

अत: अब से मुझे श्रीमती मधु शर्मा पति श्री चन्द्रशेखर शर्मा के नाम से जाना-पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जाये.

पुराना नाम

श्रीमती गरिमा शर्मा
पति-श्री चन्द्रशेखर शर्मा
निवासी-बनियापारा, पुरानी बस्ती, रायपुर
तहसील व जिला-रायपुर (छ. ग.)

नया नाम

श्रीमती मधु शर्मा
पति-श्री चन्द्रशेखर शर्मा
निवासी-बनियापारा, पुरानी बस्ती, रायपुर
तहसील व जिला-रायपुर (छ. ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती संजना अवस्थी पति श्री संजय अवस्थी, उम्र-39 वर्ष, निवासी-11/38, शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ. ग.) की हूं. यह कि विवाह पूर्व मैं "कु. मनीषा बाजपेयी पिता श्री व्ही. व्ही. बाजपेयी" निवासी-सदर बाजार, चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ. ग.) के नाम से जानी-पहचानी जाती थी, जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों में अंकित है. मेरा विवाह दिनांक 25-11-2003 को श्री संजय अवस्थी पिता पं. माधवानंद अवस्थी, निवासी-शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी, रायपुर के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ. विवाह पश्चात् मैं अपने नाम को परिवर्तित कर अपना नया नाम श्रीमती संजना अवस्थी पति श्री संजय अवस्थी रख ली हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत कर दी हूं.

अत: अब से मुझे श्रीमती संजना अवस्थी पति श्री संजय अवस्थी के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जाये.

पुराना नाम	नया नाम
कु. मनीषा बाजपेयी पिता-श्री व्ही. व्ही. बाजपेयी निवासी-सदर बाजार, चांपा तहसील व जिला-जांजगीर-चांपा (छ. ग.)	श्रीमती संजना अवस्थी पति-श्री संजय अवस्थी निवासी-11/38, शुक्रवारी बाजार गुढ़ियारी, रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ. ग.)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, रायपुर

रायपुर, दिनांक 7 फरवरी 2012

प्रकरण क्र. / ब-113 (1)/वर्ष 2011-12

क्रमांक /260/अ. वि. अ./ट्रस्ट/2012.—आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री काशी प्रसाद पुंगलिया आत्मज स्व. जेठमल पुंगलिया, निवासी वार्ड नं. 11, गुढ़ियारी, रायपुर ने शांतिदेवी जेठमल पुंगलिया ट्रस्ट, गुढ़ियारी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर द्वारा छ. ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा-4 (1) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है.

यदि किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना निकलने की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता अथवा एजेंट के माध्यम से दिनांक 09-03-2012 उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किये गये आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता व संपत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम व पता	:	शांतिदेवी जेठमल पुंगलिया ट्रस्ट, गुढ़ियारी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर
2.	चल संपत्ति	:	27,900/- रु. नगद
3.	अचल संपत्ति	:	निरंक

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 07-02-2012 को जारी.

रायपुर, दिनांक 10 फरवरी 2012

प्रकरण क्र. 07 / ब -113 (1)/ वर्ष 2010-11

क्रमांक /287/अ. वि. अ./ट्रस्ट/2012.— आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय अग्रवाल, निवासी हाउस नं. 167, समता कालोनी, रायपुर ने आरव ट्रस्ट, समता कालोनी, पाण्डे नर्सिंग होम के सामने, रायपुर के नाम से छ. ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा-4 (1) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है.

यदि किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरुचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना निकलने की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता अथवा एजेंट के माध्यम से दिनांक 26-03-2012 उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किये गये आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता व संपत्ति का विवरण)

1.	लोक न्यास का नाम व पता	:	" आरव ट्रस्ट, समता कालोनी, पाण्डे नर्सिंग होम के सामने रायपुर "
2.	चल संपत्ति	:	30,000/- रु. नगद
3.	अचल संपत्ति	:	निरंक

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 10-02-2012 को जारी.

एस. के. अग्रवाल,
पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित -2012.